Under CSR Support by ipca | Foundation missiongyan

# अध्याय – 02 | यूरोप में समाजवाद एवं रूसी क्रांति

## QUIZ-04

1. **बोल्शेविक किस व्यवस्था के खिलाफ थे?**
   A. निजी सम्पत्ति B. सामूहिक खेती
   C. श्रमिक संगठन
   D. पंचवर्षीय योजनाएँ (A)

*व्याख्या :* अक्तूबर क्रांति के बाद बोल्शेविक पूरी तरह निजी सम्पत्ति की व्यवस्था के खिलाफ थे और ज़मीन को सामाजिक संपत्ति घोषित कर दिया गया।

2. **बोल्शेविक पार्टी का नाम बदलकर क्या रखा गया?**
   A. सोवियत पार्टी B. रूसी कम्युनिस्ट पार्टी
   C. सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी
   D. रेड पार्टी (B)

*व्याख्या :* अक्तूबर क्रांति के बाद बोल्शेविक पार्टी का नाम बदलकर रूसी कम्युनिस्ट पार्टी रख दिया गया।

3. **जनवरी 1918 में संविधान सभा ने बोल्शेविकों के प्रस्तावों का क्या किया?**
   A. स्वीकार कर लिया B. अस्वीकार कर दिया
   C. स्थगित कर दिया
   D. संशोधन कर दिया (B)

*व्याख्या :* जनवरी 1918 में संविधान सभा ने बोल्शेविकों के प्रस्ताव अस्वीकार कर दिए, जिसके बाद लेनिन ने सभा भंग कर दी।

4. **मार्च 1918 में रूस ने जर्मनी के साथ कौन-सी संधि की?**
   A. मॉस्को संधि B. पेरिस संधि
   C. ब्रेस्ट-लिटोव्स्क संधि D. वियना संधि (C)

*व्याख्या :* मार्च 1918 में रूस ने जर्मनी के साथ ब्रेस्ट-लिटोव्स्क संधि की।

5. **सोवियत संघ (USSR) की स्थापना कब हुई?**
   A. 1920 B. 1921
   C. 1922 D. 1923 (C)

*व्याख्या :* दिसंबर 1922 में रूसी साम्राज्य से सोवियत संघ (USSR) का गठन हुआ।

6. **रूस में पंचवर्षीय योजनाओं की शुरुआत कब हुई?**
   A. 1925 B. 1927
   C. 1929 D. 1933 (B)

*व्याख्या :* रूस में पहली पंचवर्षीय योजना 1927 में शुरु हुई, जिसका उद्देश्य औद्योगिक विकास था।

7. **रूस में सम्पन्न किसानों को क्या कहा जाता था?**
   A. कुलक (Kulaks) B. रेड्स
   C. ग्रीन्स D. व्हाइट्स (A)

*व्याख्या :* सम्पन्न किसानों को रूस में कुलक (Kulaks) कहा जाता था।

8. **1929 से 1931 के बीच रूस में मवेशियों की संख्या में क्या बदलाव आया?**
   A. बढ़ गई B. आधी रह गई
   C. एक-तिहाई कम हो गई
   D. दोगुनी हो गई (C)

*व्याख्या :* सामूहिकीकरण का विरोध करने के कारण 1929 से 1931 के बीच मवेशियों की संख्या एक-तिहाई कम हो गई।

9. **1930-1933 के दौरान सोवियत इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदी क्या थी?**
   A. गृह युद्ध B. अकाल
   C. विदेशी आक्रमण D. औद्योगिक मंदी (B)

*व्याख्या :* 1930-1933 की खराब फसल के बाद सोवियत इतिहास का सबसे बड़ा अकाल पड़ा।

10. **रूस में सामूहिक खेतों को क्या कहा जाता था?**
    A. सोवखोज B. कोलखोज
    C. कुलक D. रेड फार्म (B)

*व्याख्या :* रूस में सामूहिक खेतों को कोलखोज कहा जाता था, जिनमें किसानों को मिलकर खेती करनी होती थी।

मिशन ज्ञान जब चाहें, जहाँ चाहें, जैसा चाहें!
100% FREE!
Video COURSES | QUIZ | PDF | TEST SERIES
Download Mission Gyan App